# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


## एक नजर में

### रंगशाही ने सीएम को परोसा मटमैला पानी, नोटिस जारी

**शाजापुर, 16 जून.** आम आदमी को मटमैला पानी मिले, तो कोई बात नहीं, लेकिन जब प्रदेश के मुखिया को ही मटमैला पानी परोस दिया जाए, तो इसे सुरक्षा की चूक कहें या बड़ी लापरवाही. ऐसा ही मामला उजागर हुआ है. पिछले दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव पोलायकलां कार्यक्रम में आए थे. खाने की व्यवस्था के साथ-साथ फूड बास्केट का जिम्मा जिला आबकारी अधिकारी को सौंपा गया था. जो पानी मुख्यमंत्री को उपलब्ध कराया गया था. वो गुणवत्ताहीन था. पीने योग्य नहीं पाया गया. इस संबंध में भोपाल कार्यालय द्वारा आपत्ति ली गई और राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला एसआरएल और पीएचई विभाग भोपाल द्वारा पानी के सैंपल की जांच के बाद उसे हाई टर्बिडिटी पाया गया. इसको लेकर कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को नोटिस जारी किया. गौरतलब है कि पोलायकलां में पिछले दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यक्रम में आए थे. कार्यक्रम में वीआईपी के लिए फूड बास्केट एवं पेयजल संबंधी व्यवस्था जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के जिम्मे थी, लेकिन आबकारी अधिकारी ने जो पानी मुख्यमंत्री को परोसा था, वह दूषित निकला.

### मिट्टी की खदान ढहने से एक बालिका की मृत्यु

**मुरैना, 16 जून.** जिले के सबलगढ़ अनुभाग के अंतर्गत एक मिट्टी की खदान ढह जाने से एक नाबालिग बालिका की मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य बालिकाएं घायल हो गईं. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना ग्राम बक्सपुर की है. मंगलवार सुबह जूली, शैलों, मालती और रूली नामक चार नाबालिग बालिकाएं घरेलू कार्य के लिए मिट्टी लेने खदान पर गई थीं. इसी दौरान अचानक खदान का हिस्सा भरभराकर ढह गया और चारों बालिकाएं मिट्टी में दब गईं. दुर्घटना में 13 वर्षीय जूली की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अन्य तीन बालिकाएं घायल हो गईं. घायल बालिकाओं को तत्काल समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रूली की स्थिति गंभीर बताई जा रही है.

# आउटसोर्स पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

- स्वास्थ्य सेवाओं की राह में एक कदम और बढ़ाया
- 3 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत होगी शुरुआत

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 जून. प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण की राह में राज्य सरकार ने एक कदम और बढ़ा दिया है. अब प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को चलाने की जिम्मेदारी निजी फर्म के हवाले की जा रही है. शुरुआत प्रदेश के तीन जिलों रीवा, देवास और गुना से होगी, जहां के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को निजी फर्म को संचालन के लिए आउटसोर्स के माध्यम से दिया जाएगा.**

कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. इसी के साथ प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण के रास्ते भी खुल गए हैं. इन जिलों के ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है, या फिर नर्सिंग और पेरामेडिकल स्टॉफ को पदस्थ करने में परेशानी होती है, ऐसे सुदूर क्षेत्र जहां सरकारी डॉक्टर सेवा देने से बचने की कोशिश करते हैं, जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों का सेवाएं नहीं मिल पाती, सबसे पहले ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आउटसोर्स पर देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है. यहां निजी फर्म टेंडर के माध्यम से संचालन की जिम्मेदारी लेंगे. यहां डॉक्टर, नर्सिंग, पेरामेडिकल



सहित अन्य सर्विसेस उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निजी फर्म की होगी, वहीं राज्य सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन, दवाई और उपकरण आदि उपलब्ध कराएगी. निजी फर्म को टेंडर के माध्यम से ये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालन के लिए दिए जाएंगे, जिसकी बोली सबसे कम होगी, उसे ही इसे चलाने की जिम्मेदारी मिलेगी. यदि ये पायलट प्रोजेक्ट को कामयाबी मिली तो फिर दूसरे जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी आउटसोर्स पर निजी फर्म को दिया जाएगा.

कैबिनेट ब्रीफिंग में एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि इस निर्णय से केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं आम जनता को बेहतर ढंग से मिल पाएगी और उन्हें छोटी बीमारियों के लिए जिला अस्पताल आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. पांच वर्षों के दौरान योजना का मूल्यांकन किया जाएगा और परिणाम अच्छे मिलने पर इसका विस्तार प्रदेश के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भी किया जा सकेगा.

### इंदौर मेट्रो रेल परियोजना की लागत 5388 .58 करोड़ बढ़ी

इंदौर मेट्रो रेल परियोजना की लागत 5388 .58 करोड़ रुपए बढ़ गई है. कैबिनेट ने मंगलवार को अतिरिक्त राशि बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. परियोजना की मूल लागत पहले 7 हजार 500 .80 करोड़ रूपए थी, जो कि अब पुनरीक्षित लागत के बाद 12 हजार 889 .38 करोड़ रूपये हो गई है. इसके अलावा उद्योग के स्वीकृत मानदंडों के अनुसार परियोजना के लिए अतिरिक्त वित्त पोषण पीपीपी घटक एवं आंतरिक ऋण के प्रभाव को शामिल करते हुए 6 हजार 582 .91 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है. इस तरह कुल 19 हजार 472 करोड़ 29 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है.

# स्कॉर्पियों ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंदा

- मां की मौत, बेटा की हालत नाजुक
- लखनौती गांव के पास हुआ सड़क हादसा

**ग्वालियर. झांसी रोड थाना इलाके में स्थित लखनौती गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार मां-बेटे सड़क पर जा गिरे. मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है. स्कॉर्पियो चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था. इस बीच उसने आगे चल रही बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मां-बेटे कई फीट उछलकर सड़क पर जा गिरे.**

दुर्घटना की खबर मिलते ही झांसी रोड थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल अस्पताल भिजवाया. वहीं, महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया. पुलिस ने स्कॉर्पियो के रजिस्ट्रेशन नम्बर के



आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली. आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है एक्सीडेंट की वजहों की जांच जारी है.

ग्वालियर के बिलौआ जौरासी के रहने वाले 32 वर्षीय मोनू यादव पुत्र रघुनाथ यादव सोमवार की शाम अपनी मां 55 वर्षीय गजरा देवी को बाइक पर पीछे बैठाकर किसी काम से शहर आए थे. जैसे ही मोनू की बाइक लखनौती गांव के पास हाईवे पर पहुंची, तभी पीछे से आ रही एक सफेद रंग की यूपी में रजिस्टर्ड स्कार्पियो गाड़ी के चालक ने लापरवाही और तेज गति से गाड़ी दौड़ाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दी. सड़क पर सिर के बल गिरने और गंभीर अंदरूनी चोटें आने के कारण गजरा देवी की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई.

> वहीं मोनू यादव भी सड़क पर घिसटने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे देखकर आरोपी स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से तेजी से भाग निकला. स्थानीय नागरिकों की सूचना पर झांसी रोड थाना पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची. पुलिस ने बिना वक्त गंवाए घायल बेटे मोनू को तुरंत एम्बुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और मृतका के शव को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह रवाना किया गया है.

# आंगनबाड़ी मानदेय की लड़ाई को लेकर पीआईएल का रास्ता बंद

**जबलपुर। प्रदेश की लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय, सेवा शर्तों तथा कर्मचारी दर्जे से जुड़ी बहुचर्चित लड़ाई को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी संकेत दिया है।**

अदालत ने साफ कर दिया कि सेवा संबंधी अधिकारों और आर्थिक दावों की लड़ाई जनहित याचिका के मंच से नहीं लड़ी जा सकती। इसके लिये उन्हें उचित मंच पर चुनौती देनी होगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने सीधी जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन की महासचिव विभा पाण्डेय द्वारा दायर याचिका का निराकरण करते हुए कहा कि ऐसे विवाद व्यक्तिगत अथवा सेवा अधिकारों की श्रेणी में आते हैं। इसलिए इन पर पीआईएल के माध्यम से न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। हालांकि न्यायालय ने याचिकाकर्ता पक्ष के लिए एक महत्वपूर्ण रास्ता खुला रखा।

# अचलेश्वर मंदिर ट्रस्ट पर हाईकोर्ट सख्त

## संपत्ति हेरफेर मामले में निचली अदालत का आदेश रद्द

**ग्वालियर. श्री अचलेश्वर महादेव सार्वजनिक न्यास की संपत्तियों में कथित हेरफेर और कुप्रबंधन के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने बड़ा फैसला सुनाया है. न्यायमूर्ति आशीष श्रोती की एकलपीठ ने निचली अदालत द्वारा ट्रस्ट की जांच रिपोर्ट को खारिज करने के आदेश को निरस्त करते हुए उसे गैर-कानूनी करार दिया है.**

हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक न्यास की संपत्ति समाज और धार्मिक कार्यों के लिए



6 माह में चुनाव कराने के निर्देश

होती है, उसका निजी लाभ के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता. कोर्ट ने यह भी माना कि वर्ष 2017 में चुनी गई कार्यकारिणी का कार्यकाल 2019 में समाप्त हो चुका था, इसके बावजूद बिना चुनाव के उसका काम करना वैध नहीं था. ऐसे में निचली अदालत द्वारा पुरानी कार्यकारिणी को दोबारा काम करने की अनुमति देना गलत था.

मामले की शुरुआत ट्रस्ट सदस्य संतोष सिंह राठौड़ की शिकायत से हुई थी. शिकायत के बाद हुए ऑडिट में वित्तीय अनियमितताओं और फंड के दुरुपयोग के आरोप सामने आए थे. हाईकोर्ट ने इन तथ्यों को गंभीर मानते हुए मामले की सुनवाई तेज करने के निर्देश दिए.

# इंदौर में दूषित जल से फिर रहवासी बीमार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में दूषित पानी पीने से रहवासियों के बीमार होने का मामला फिर सामने आया है. इस बार वार्ड 16 में दूषित पानी पीने से रहवासी बीमार हुए हैं. करीब 10 से ज्यादा लोगो के विभिन्न तरह की बीमारियों से पीड़ित होने की जानकारी मिली है.**

शहर में नगर निगम लाख दावे करे कि शहर में पानी की समस्या नहीं है और शुद्ध पानी दिया जा रहा है. मॉनिटरिंग की जा रही है, लेकिन वास्तविकता में सब फोरी कहानी ज्यादा नजर आती है. कुछ महीने पहले भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी



पीने की वजह से 35 लोगों की मौत हो गई थी. अब दूषित पानी का मामला नगर निगम के वार्ड 16 की महावीर नगर कालोनी में भी सामने आया है. उक्त कॉलोनी में एकमात्र बोरिंग से पानी की सप्लाई की जाती है.



बोरिंग में सीवरेज का पानी मिलने की वजह से क्षेत्र के कई लोग बीमार हो गए. रहवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत दर्ज होने के बाद भी नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई.

# नीट-यूजी परीक्षा की सुरक्षा के लिए डीजीपी के सख्त निर्देश

**38** साइबर कमांडो रहेंगे सक्रिय

**21** जून को आयोजित होगी नीट-यूजी परीक्षा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 जून.** प्रदेश में 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के सुरक्षित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने व्यापक सुरक्षा तैयारियां शुरू कर दी हैं.



पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों को परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत निर्देश जारी किए हैं. पुलिस मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में परीक्षा से संबंधित सुरक्षा प्रबंधों, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं परिवहन, साइबर निगरानी, विभिन्न विभागों के समन्वय तथा परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई.

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रश्नपत्रों की प्राप्ति, सुरक्षित भंडारण, परिवहन, वितरण तथा परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं एवं गोपनीय सामग्री की वापसी तक पूरी प्रक्रिया को त्रुटिरहित और सुरक्षित बनाया जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या सुरक्षा में चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

सभी पुलिस अधीक्षकों को 20 जून तक अपने-अपने जिलों के परीक्षा केंद्रों, प्रश्नपत्र भंडारण स्थलों तथा संबंधित बैंकों का व्यक्तिगत निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं.

# पहली बार कैमरे के सामने आई सोनम

- मृतक की मां ने लगाए गंभीर आरोप
- सीबीआई जांच की फिर उठी मांग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी पत्नी पहली बार कैमरे के सामने आई और अपने बचाव में बयान दिया. इसके बाद मामला फिर गरमा गया है. मृतक की मां ने आरोपी के बयान पर सवाल उठाते हुए उसके परिवार की भूमिका पर भी गंभीर आरोप**



**लगाए हैं और दोबारा सीबीआई जांच की मांग की है.**

हाल ही में आरोपी सोनम रघुवंशी ने पूर्वोत्तर के एक निजी चैनल से बातचीत में कहा कि वह नेपाल नहीं भागी है और उसके बारे में झूठी बातें फैलाई जा रही हैं. साथ ही यह भी कहा कि वह कोर्ट की कार्यवाही में सहयोग कर रही है और आगे भी करती रहेगी. फिलहाल उसका इंदौर आने का कोई प्लान नहीं है. सोनम के इस बयान के बाद मृतक राजा रघुवंशी की मां ने तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि जो महिला शादी के सात वचन निभा नहीं सकी, वह अदालत के नियमों का पालन कैसे करेगी. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि आरोपी को शिलांग में ही रहना था तो उनके बेटे की हत्या क्यों की गई.

# पटवारी 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**इंदौर. लोकायुक्त ने धार जिले में एक पटवारी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपी पटवारी खेत की जमीन का सीमांकन करने के एवज में रिश्वत मांग रही थी.**

लोकायुक्त के अनुसार ग्राम खेरवास निवासी किसान सुरेश सिंह पवार ने शिकायत की थी कि उनकी 12 बीघा कृषि भूमि के पास शासकीय जमीन से लगी सड़क का सीमांकन करने के लिए पटवारी कला भट्ट 15 हजार रुपए की मांग कर रही है. शिकायत की



जांच में आरोप सही पाए जाने पर मंगलवार को ट्रेप दल ने कार्रवाई की. इस दौरान पटवारी को 10 हजार रुपए लेते हुए पकड़ लिया गया.

# एमपी के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे : केवट

भूपेंद्र भूतड़ा

**उज्जैन, 16 जून. प्रदेश में कांग्रेस को करारी शिकस्त देने के बाद उज्जैन प्रवास पर पहुंचे राज्य सभा सांसद महेश केवट ने बाबा महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की. नवभारत से विशेष चर्चा करते हुए भाजपा की जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और बाबा महाकाल का आशीर्वाद बताया. उन्होंने कहा वे मध्य प्रदेश के मुद्दों को राज्यसभा में प्रमुखता से उठाएंगे.**

कांग्रेस पर तीखा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि



राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होना भाजपा के कारण नहीं, बल्कि कांग्रेस की अपनी आंतरिक कमियों, लापरवाही और प्रक्रियागत खामियों का नतीजा था. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस लगातार भ्रम और झूठ की राजनीति कर रही है और अब उसे न्यायालयों पर भी भरोसा नहीं रहा. सांसद केवट ने विश्वास जताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज करेगी. उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संसद में मध्य प्रदेश के विकास, मुद्दों और आमजन की आवाज को मजबूती से उठाएंगे. आपने यह भी कहा, उज्जैन शहर का चहुंमुखी विकास हो रहा है. सिंहस्थ 2028 के लिए प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है.

**कार्रवाई** | 2.82 करोड़ की काली कमाई उजागर, प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलेराव के घर ईओडब्ल्यू का छापा

# ननि अधिकारी, ठेकेदार के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की दबिश

**जबलपुर. आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ( ईओडब्ल्यू ) ने आय से अधिक संपत्ति मामले में आज तड़के नगर निगम के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलेराव उर्फ संन्यासी बारौआ के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की?. कार्रवाई में अब तक 2 करोड़ 82 लाख रुपये से अधिक की बेहिसाब संपत्ति का खुलासा हो चुका है. आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है.**



ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के अनुसार, आरोपी अधिकारी के ठिकानों पर दस्तावेजों की स्क्रूटनी और लॉकरों की जांच अभी भी जारी है. पूरी छानबीन और दस्तावेजों के मिलान के बाद आय से अधिक संपत्ति का यह आंकड़ा कई गुना और बढ़ सकता है. सूत्रों का कहना है कि आगामी पूछताछ और जांच में कई अन्य बेनामी संपत्तियों और बैंक खातों का खुलासा हो सकता है, जिससे काली कमाई का यह आंकड़ा और ऊपर जाने की पूरी उम्मीद है.

सुबह ठीक 6 बजे तीन अलग-अलग टीमों ने पोलेराव के जेडीए स्कीम-11 स्थित आलीशान निवास और कार्यालय पर एक साथ धावा बोल दिया. अचानक हुई इस कार्रवाई से आरोपी अधिकारी के परिवार में हड़कंप मच गया.

> **आलीशान जिंदगी और काली कमाई**
>
> तलाशी के दौरान ईओडब्ल्यू की टीम को आरोपी के घर से 1,19,18,000 के संदिग्ध नकद लेनदेन के दस्तावेज जब्त किए गए हैं. शहर के पॉश इलाके में 45 लाख का एक फ्लैट और 65 लाख के कीमती भूखंड के कागजात मिले हैं. घर से 22.50 लाख कीमत का 150 ग्राम सोना और 3 लाख मूल्य की चांदी मिली है.

# भंवरसेन घाट में डूबे चारों युवाओं के शव मिले

**सीधी.** जिले के रामपुर नैकिन थानांतर्गत सोन नदी के भंवरसेन घाट में सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे में डूबे चारों युवाओं के शव बरामद कर लिए गए हैं. सोमवार को एक युवती का शव मिलने के बाद आज मंगलवार को एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की संयुक्त टीम ने दो अन्य युवतियों एवं एक युवक का शव भी नदी से बाहर निकाल लिया. जानकारी के अनुसार मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र से आए कुछ युवक-युवतियां सोमवार को सोन नदी के भंवरसेन घाट पिकनिक मनाने पहुंचे थे. सोन नदी में स्नान करते समय तीन युवतियां गहरे पानी में डूबने लगीं.

# मंदिर ट्रस्टी की डंडों से पीट पीटकर हत्या, चौकीदार गिरफ्तार

- सीसीटीवी में कैद वारदात, नशे में विवाद के बाद हमला
- 31 वार करने की बात सामने आई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. अन्नपूर्णा इलाके में 150 साल पुराने मंदिर के ट्रस्टी की चौकीदार ने डंडों से पीट पीटकर हत्या कर दी. वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी हमला करता दिखाई दे रहा है. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है.**

एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे की है. मंदिर का चौकीदार मुकेश शर्मा शराब पीने का आदी है और अक्सर नशे में विवाद करता था. ट्रस्टी कैलाश मोदी उसे पहले भी कई बार समझा चुके थे. मंगलवार सुबह जब वह नशे की हालत में मंदिर पहुंचा तो फिर विवाद हो गया. समझाने पर आरोपी भड़क गया और डंडा उठाकर हमला कर दिया. जान बचाने के लिए मोदी वहां से भागे, लेकिन आरोपी ने पीछा कर कुछ दूरी पर पकड़ लिया और उन पर ताबड़तोड़ वार किए. लहूलुहान हालत में मोदी पास के गुरुद्वारे में घुस गए.